## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न हुयी चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नोक्त सदस्यगण उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, आर0ई0सी0, बांदा | सदस्य |
| 4. | श्री राजीव कक्कड़, एसो0 प्रोफेसर, कालेज आफ आर्किटक्चर, लखनऊ | सदस्य |
| 5. | श्री विनीत सिघंल, अधि0 अभि0, प्रतिनिधि उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कानपुर | सदस्य |
| 6. | श्री आर0एन0 अग्निहोत्री, परियोजना प्रबन्धक, प्रतिनिधि उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर | सदस्य |
| 7. | प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव |
| 8. | श्रीमति रीता सचान, वित्त एवं लेखा अधिकारी एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 9. | प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, अनुरक्षण अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |

**4.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.02.2019 को सम्पन्न हुई तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.02.2019 को सम्पन्न हुयी तृतीय बैठक के कार्यवृत्त को अवलोकनोपरान्त पुष्टीकरण किया।

**4.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.02.2019 को सम्पन्न तृतीय बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया गया।**

**4.03 विश्वविद्यालय में प्रस्तावित निर्माण/अनुरक्षण कार्यों पर विचार।**

**प्रस्तावित निर्माण कार्य :**

**4.03(i) विश्वविद्यालय में नवीन कम्प्यूटर सेंटर एवं स्मार्ट कक्षा–कक्षों के निर्माण के आगणन पर विचारः–**

समिति ने प्रस्तुत आगणन का अवलोकन कर यह निर्देश प्रदान किया कि आगणन का गठन अभातशिप के नये नियमानुसार पूर्ण रूप से सुविचारित कर बहुमंजिलि भवन के प्रस्ताव एवं आगणन को भवन निर्माण समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

**4.03(ii) विश्वविद्यालंय के यांत्रिक अभियंत्रण विभाग में कक्षा–कक्षों के आगणन पर विचारः–**

समिति ने कक्षा–कक्षों के निर्माण के आगणन पर विभाग की आवश्यकतानुसार अभातशिप के मानकों के अनुसार सुविचारित प्रस्ताव एवं आगणन भवन निर्माण समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**4.03(iii) विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय के आवास एवं कैम्प कार्यालय के निर्माण के आगणन पर विचारः–**

समिति ने निर्माण इकाई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को उचित नहीं पाया। अतः आवास, कैम्प कार्यालय, बाउंड्री वाल एवं सड़क के मानचित्र एवं आगणन के साथ भवन निर्माण समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**4.03(iv) विश्वविद्यालय के बाउंड्री वाल के आगणन पर विचारः–**

समिति ने निर्माण इकाई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को उचित नहीं पाया, अतः सुविचारित प्रस्ताव भवन निर्माण समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**4.03(v) विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में निर्माणाधीन 200 छात्र क्षमता के छात्रा–छात्रावास के मेस ब्लाक के निर्माण के आगणन पर विचारः–**

समिति ने पूर्वी प्रांगण में निर्माणाधीन 200 छात्र क्षमता के छात्रा–छात्रावास के मेस ब्लाक के निर्माण के आगणन पर आंशिक संशोधन करते हुये रू0 164.01 लाख के स्थान पर रू0 141.09 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया।

**4.03(vi) विश्वविद्यालय में पं0 दीनदयाल उपाध्याय क्वालिटी इम्प्रूवमेंट कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रस्तावित बहुउद्देशीय भवन/हाल के आगणन एवं मानचित्र पर विचारः–**

समिति ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय क्वालिटी इम्प्रूवमेंट कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रस्तावित बहुउद्देशीय भवन/हाल के विस्तृत आगणन रू0 929.95 लाख एवं आर्किटेक्चरल ड्राइंग्स पर इस आशय से अनुमोदन प्रदान किया कि भवन के अतिरिक्त कार्यों, बाह्य रोड, पार्किंग एरिया, लैण्डस्केपिंग, बाह्य जल मल एवं ड्रेन, बाह्य विद्युत लाइट, ट्रांसफार्मर, डी0जी0 सेट, एकाउस्टिक एवं सांउड सिस्टम तथा फर्नीचर के प्रस्ताव जो कि इस आगणन में सम्मिलित नहीं हैं, उनके आगणन पृथक से निर्माण इकाई द्वारा प्रस्तुत किया जाये।

**4.03(vii) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में एक नग नये नलकूप के आगणन पर विचारः–**

समिति ने विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में एक नग नये नलकूप के निर्माण के आगणन रू0 62.01 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया।

**<u>प्रस्तावित अनुरक्षण कार्य :</u>**

**4.03(viii) विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यशाला के अनुरक्षण कार्य पर विचारः–**

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यशाला के अनुरक्षण कार्य के निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम के आगणन रू0 29.89 पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**4.03(ix) विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यशाला के टीनशेड बदलने के कार्य पर विचार :–**

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यशाला के जीर्ण–शीर्ण टीनशेड को बदलने का कार्य कराये जाने हेतु अनुभाग स्तर से गठित आगणन रू0 31.00 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**4.03(x) विश्वविद्यालय के परीक्षा कक्ष संख्या 2–217 के अनुरक्षण कार्य पर विचार :–**

समिति द्वारा उक्त कार्य पर अनुमोदन प्रदान नहीं किया गया।

**4.03(xi) विश्वविद्यालय के फूड टेक्नोलॉजी विभाग की पी0जी0 लैब तथा फूड क्वालिटी लैब के अनुरक्षण कार्य पर विचार :–**

विश्वविद्यालय के फूड टेक्नोलॉजी विभाग की पी0जी0 लैब, फूड क्वालिटी लैब के अनुरक्षण कार्य हेतु अनुभाग स्तर से गठित आगणन रू0 20.06 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**4.03(xii) विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के अनुरक्षण कार्य पर विचारः–**

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के अनुरक्षण कार्य हेतु अनुभाग स्तर से गठित आगणन रू0 8.00 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**4.03(xiii) विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के लैबों के उच्चीकरण के कार्य पर विचारः–**

विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के लैबों के उच्चीकरण के कार्य हेतु अनुभाग स्तर से गठित आगणन रू0 56.14 लाख पर समिति द्वारा प्रस्तुत आगणन को रू0 55.00 लाख की सीमान्तर्गत निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 से आगणन प्राप्त करते हुये अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति को अनुमोदन प्रदान करने हेतु अधिकृत किया गया।

**4.03(xiv) विश्वविद्यालय की समिति कक्ष से सम्बद्ध शौचालय एवं जलपान स्थल के अनुरक्षण के आगणन पर विचार :–**

विश्वविद्यालय की समिति कक्ष से सम्बद्ध शौचालय एवं जलपान स्थल के अनुरक्षण हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा गठित आगणन कुल रू0 11.80 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**4.03(xv) विश्वविद्यालय की पुरानी लाइब्रेरी को प्लेसमेंट सेल में परिर्वतन करने हेतु आगणन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय की पुरानी लाइब्रेरी को प्लेसमेंट सेल में परिर्वतन करने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा गठित आगणन कुल रू0 103.53 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**4.04. मा0 कुलपति महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचारः–**

1. समिति ने विश्वविद्यालय में चल रहे समस्त अनुरक्षण कार्यों का अनुश्रवण करते हुये यह निर्देश दिया कि निर्माण इकाईयों के द्वारा अनुरक्षण एवं निर्माणाधीन समस्त कार्यों का थर्ड पार्टी इन्सपेक्सन राजकीय संस्थानों से कराया जाये।
2. निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा हेतु एक बाह्य विशेषज्ञ को आमंत्रित करते हुये प्रत्येक माह के तृतीय सप्ताह में एक बैठक मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आहुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

(प्रो0 प्रदीप कुमार)
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति
एवं अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर